वर्ष-12 , अंक-36 प्रयागराज, रविवार 08 सितम्बर 2024 से शनिवार 14 सितम्बर 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From Google Play Adhunik Samachar

नगर संस्करण

12 वर्ष विश्वास के

## श्रीअन्न उत्पादन एवं प्रसंस्करणः डा0 प्रवीन चरन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** प्रसार निदेशालय, सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय प्रयागराज मे दिनांक 04- सितम्बर 2024 तक संचालित होने वाले सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत जनपद-मधेपुरा बिहार राज्य के 40 कृषकों का पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह मे कृषकों को श्रीअन्न के महत्ता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन चरन ने कहा कि श्रीअन्न के पौराणिक महत्व का हमारे पुराने ग्रन्थों एवं धार्मिक पुस्तकों मे किया गया है। पहले के समय मे श्रीअन्न के उत्पाद हर व्यक्ति के थाली मे होता था लेकिन समय के साथ शनै-शनै यह हमारे दैनिक भोजन से अलग होता गया जिस कारण वर्तमान समय में रोग एवं व्यापियो की बहुतायत हो गयी है।इ श्रीअन्न के उपयोग द्वारा बहुत सारी बीमारियों का घर बैठे निदान किया जा सकता है। जैसा कि विदित है कि श्रीअन्न का ग्लाइसेमिक्स इण्डेक्स अन्य अनाजों की तुलना में अत्यन्त कम होता है जिसकी वजह से यह मधुमेह रोग से पीडित रोगियों के लिए एक स्वास्थवर्धक आहार है। इसके अतिरिक्त हदय संबंधित रोगो एवं अन्य कई गंभीर बीमारियों का निदान श्रीअन्न के उपयोग द्वारा किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में निदेशक विकास डा0 रीतू प्रकाश दूबे ने कृषकों को बताया कि आजकल के खानपान में गेहूॅ और चावल के उत्पादों मे बहुतायत है और इनमें पाचन रेशों की मात्रा अत्यन्त कम होती है साथ ही यह पाचन रेशे मुख्य रुप से गेहॅू और चावल के छिलकों मे रहते है वह भी पॉलिश के समय हट जाते है जिसके प्रयोग से कई प्रकार की बीमारियों का निदान किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होने कृषकों को श्रीअन्न के प्रसंस्कृत उत्पाद घरेलू एवं व्यवसायिक रुप से तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार की कई योजनओं में श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं उधमशीलता के लिए अनुदान की व्यवस्था है जिसका कृषक भाई समुचित लाभ उठा सकते है। कार्यकम के अवसर पर प्रशिक्षण समन्वयक डा0 मनीष कुमार केसरवानी ने मोटे अनाजों की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि मोटे अनाजों के दैनिक उपयोग से ग्रामीण महिलओं एवं बच्चों मे कुपोषण की समस्या को प्रभावी रुप से दूर किया जा सकता है। मोटे अनाजों मे कैल्शियम प्रचुर मात्रा मे उपस्थित रहता है जिसके सेवन से महिलाओं मे गर्भावस्था के समय हड्डियों मे होने वाली समस्यओं को दूर किया जा सकता है साथ ही अन्य मोटे अनाजों में लौह तत्व की प्रचुर मात्रा उपस्थित होती है जिससे बच्चों एवं वृद्धो को प्रचुर मात्रा मे इन पोषक तत्वों की प्राप्ति हो जाती है। इस अवसर पर उन्होनें मोटे अनाजों के प्रसंस्कृत उत्पादों को घरेलू एवं व्यवसायिक स्तर पर तैयार करने की तकनीकी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक प्रसर डा0 ए के चौरसिया ने किसनो को बताया कि अच्छा उत्पादन प्राप्त करने में शुद्ध बीज एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उच्च गुणदत्ता वाले बीज फसल का उत्पादन बढाने के साथ-साथ उत्पादन लागत भी कम कर सकते है, उन्होनें कृषकों को विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे बीज उत्पादन कार्यक्रम के साथ-साथ बीज उत्पादन तकनीक के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रसार निदेशालय की महिला उत्प्रेरक श्रीमती मीना नेथन ने कृषकों को महिला सशक्तीकरण एवं एफ0पी0ओ0/स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कृषक महिलाओं को आर्थिक रुप से उन्नत करने पर चर्चा की। प्रशिक्षण समन्वयक डा0 मनीष कुमार केसरवानी ने प्रतिभागी कृषकों का स्वागत किया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की सक्षिप्त रुपरेखा से कृषकों को परिचित करया। वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कृषकों को जैविक खेती पर जानकारी दी एवं वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की विध बतायी तथा विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र का भ्रमण कराकर तकनीकी जानकारी से अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रसार निदेशालय के समस्त वैज्ञानिकगण उपस्थित रहे।




निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन चरन द्वारा निदेशक विकास डा0 ( श्रीमती ) रितु दुबे को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया

## सीएम योगी की जनप्रतिनिधियों से दो टूक, जीत से कम कुछ भी नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** फूलपुर के इफको परिसर में बुधवार को आयोजित रोजगार मेला एवं हजारों विद्यार्थियों को टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सीएम योगी ने वहां पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। सीएम ने वहां सभी पदाधिकारियों का एक-एक करके परिचय लिया। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर सीएम योगी ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि अब समय कम है। चुनाव की तैयारियों में जी जान से जुट जाए। क्योंकि जीत से कम कुछ भी नहीं। योगी ने ओबीसी, महिला, युवा मोर्चा के पदाधिकारियों का भी उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जनता के बीच जाए और उनकी बात सुने। फूलपुर के इफको परिसर में बुधवार को आयोजित रोजगार मेला एवं हजारों विद्यार्थियों को टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सीएम योगी ने वहां पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। सीएम ने वहां सभी पदाधिकारियों का एक-एक करके परिचय लिया। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह की मौजूदगी में उन्होंने फूलपुर विधानसभा के मंडल अध्यक्षों से पूछा कि उनके यहां कितनी समितियां बन चुकी है।बूथ कमेटी का हाल कैसा है। वहां मौजूद युवा और महिला मोर्चा के अध्यक्षों से भी उन्होंने बातचीत की। भाजपा परिवार के मुखिया के तौर पर उन्होंने चुनाव संचालन संबंधी तमाम तैयारियों के बारे में जानकारी ली। किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। किसान मोर्चा के लोग किसानों के बीच जाए। उनका फीडबैक भी ले। अगर कहीं कोई कमी है तो जनप्रतिनिधि के माध्यम से मुझ तक पहुंचाए। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों से सीएम ने कहा कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़े। वर्तमान समय पार्टी का सदस्यता अभियान भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा फैलाया गया झूठ का जाल हर हाल में हमे तोड़ना ही होगा। इस दौरान कुछ पदाधिकारियों ने वोटर लिस्ट में फर्जी नाम होने की बात कही। इस पर सीएम ने कहा कि जहां गलत वोटर बने हैं उसे चैलेंज किया जाए। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों से कहा कि वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव में अगर महिला रिजर्वेशन लागू होता है तो यह मानकर चलिए कि जितने लोग आज फूलपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर बैठे थे उसमें से आधे नीचे बैठे दिखाई देंगे। उनका स्थान हमारी बहने लेंगी।



NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE


(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA)

COPA कोर्स सभी प्रकार की नौकरियों जैसे-

पुलिस विभाग (कम्प्यूटर आपरेटर)

रक्षा मंत्रालय (DRDO) भारत सरकार मुद्रण विभाग, राजकीय आई.टी.आई. इंस्ट्रक्टर, स्वास्थ्य विभाग और सभी सरकारी विभागों, बैंक / प्रतिष्ठानों के लिए मान्य यह प्रमाणपत्र O-Level के समकक्ष है।



श्री सी.पी. पाण्डेय
प्रभारी निरीक्षक डायल 112, उ.प्र. पुलिस

विशेष - ये कोर्स रेलवे द्वारा निकाली जाने वाली कम्प्यूटर ऑपरेटर की रिक्तियों के लिए मान्य है।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

आधुनिक समाचार ™
हिन्दी साप्ताहिक





## वृंदा प्रसाद बालिका विद्यायालय कटघर के 11 शिक्षकों को लायंस क्लब इलाहाबाद गंगा द्वारा स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** दिनांक 5 सितंबर 2024 दिन बृहस्पतिवार को शिक्षक दिवस



के अवसर पर वृंदा प्रसाद बालिका विद्यालय कटघर के 11 शिक्षकों को लायंस क्लब इलाहाबाद गंगा द्वारा स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया कार्यक्रम के संयोजक लायन देवव्रत एडवोकेट द्वारा बताया गया कि लायंस क्लब इलाहाबाद गंगा के अध्यक्ष लायन प्रवीण श्रीवास्तव सचिन सुबोध श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष लायन व्याख्या तिवारी जी पूर्व अध्यक्ष लायन अमित तिवारी एवं कार्यक्रम के संयोजक देवव्रत आर्य एडवोकेट पूर्व रीजन चेयरपर्सन एवं कार्यक्रम की वरिष्ठ सदस्य लायन डॉक्टर प्रोफेसर अंजू श्रीवास्तव जी एवं शांभवी श्रीवास्तव कार्यक्रम में उपस्थित रहे विद्यालय के बच्चों द्वारा बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया अपने उद्बोधन में डॉक्टर अंजू श्रीवास्तव द्वारा शिक्षक के महत्व बारे में उपस्थित लोगो को अवगत कराया और बताया कि शिक्षक ही मानव निर्माण एवं मानव के चरित्र निर्माण का प्रथम सोपान होता है सम्मानित किए जाने वाले शिक्षकों के में वहां के प्रधानाचार्य प्रतिभा दुबे जी आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर डॉक्टर अंजू श्रीवास्तव जी पूनम यादव जी नमीता अग्रवाल बिनु अग्रहरि नेहा भट्ट रीमा राव प्रीति केसरवानी मीनाक्षी गुप्ता एवं कल्पना सिंह यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक लायन देवव्रत आर्य एडवोकेट द्वारा दिया गया। आधुनिक समाचार के प्रधान संपादक परम आदरणीय गुरु जी को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं आप स्वस्थ और दीर्घायु रहें ऐसी हम कामना करते हैं।

## नइे अध्यक्ष का चार्ज ग्रहण करते ही प्राथमिक शिक्षक भर्ती को लेकर धरना शुरू, जमकर नारेबाजी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** शिक्षा सेवा चयन आयोग की नई अध्यक्ष प्रो. कीर्ति पांडेय के कार्यभार ग्रहण करने के बाद अभ्यार्थियों ने 97 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों ने



जमकर नारेबाजी की और भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की। बड़ी संख्या में छात्र आयोग के दफ्तर के सामने धरने पर भी बैठ गए। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की नई अध्यक्ष प्रो. कीर्ति पांडेय ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। एलनगंज स्थित आयोग के दफ्तर पहुंचकर प्रो. पांडेय ने चार्ज ग्रहण किया। उनके पहुंचने से पहले ही सैकड़ों की संख्या में छात्र सुबह से ही आयोग के दफ्तर पर पहुंच गए थे।प्रो. पांडेय के कार्यभार ग्रहण करने के बाद अभ्यार्थियों ने 97 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## तेजी से घट रहा है गंगा और यमुना का जलस्तर, कीचड़ और गंदगी से श्रद्धालु परेशान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** सिंचाई विभाग बाढ़ नियंत्रण के अनुसार शनिवार गंगा दर्ज की गई है। तेजी से बढ़ रहा गंगा और यमुना का जलस्तर फिलहार फिलहाल घटना लगा है।



शाम चार बजे तक फाफामऊ में 80.11 मीटर पर बह रही हैं। गंगा में चार घंटे के भीतर एक सेंटीमीटर जलस्तर की कमी दर्ज की गई है, जबकि छतनाग में चार सेंटी मीटर की रफ्तार से कमी हो रही है। इसी तरह यमुना में चार घंटे के भीतर छह सेंटीमीटर की रफ्तार से कमी जैसे-जैसे जलस्तर कम हो रहा है घाटों पर गंदगी और कूड़े की भरमार हो गई है। इसके चलते स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामने करना पड़ रहा है। दो दिनों तक तेजी से गंगा और यमुना का जलस्तर बढ़ रहा था। इस समय गंगाजी श्री बड़े हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार के नजदीक पहुंच गई हैं। यहां दो दिनों तक स्थिर रहने के बाद जलस्तर कम होने लगा है। इसके चलते यहां पर काफी गंदगी हो गई है। हनुमान मंदिर कॉरिडोर का निर्माण शुरू होने के चलते मलबा चारों तरफ फैला है। जलस्तर बढ़ने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंगा का जलस्तर हनुमान मंदिर के परिसर में पहुंच गया है। जलस्तर में लगातार कमी होने के कारण तटवर्ती इलाकों में फिलहाल राहत महसूस की जा रही है। पानी भर जाने के कारण तीर्थ पुरोहितों ने परेड मैदान में अपने डेरा डंडा लगा दिया है।सिंचाई विभाग बाढ़ नियंत्रण के अनुसार शनिवार गंगा शाम चार बजे तक फाफामऊ में 80.11 मीटर पर बह रही हैं। गंगा में चार घंटे के भीतर एक सेंटीमीटर जलस्तर की कमी दर्ज की गई है, जबकि छतनाग में चार सेंटी मीटर की रफ्तार से कमी हो रही है। इसी तरह यमुना में चार घंटे के भीतर छह सेंटीमीटर की रफ्तार से कमी दर्ज की गई है।

## वकीलों को मथुरा के मंदिरों का रिसीवर बनाने से बचें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** कोर्ट ने अदालत के 28 मार्च 23 के आदेश को रद्द कर प्रकरण तय करने के लिए सिविल जज को वापस भेज दिया। कहा, मथुरा के अधिकांश पुराने व प्रसिद्ध मंदिर कानूनी विवादों में फंसे हैं। लोगों में मंदिरों का रिसीवर बनने की होड़ लगी है। ये ट्रस्ट, सेवायतों व प्रबंध समिति को मंदिर व्यवस्था नहीं करने दे रहे। अदालत से नियुक्त रिसीवर मंदिर प्रबंधन देख रहा है इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि मथुरा के पुराने मंदिरों में प्रबंधकीय विवाद के कारण बन रहे वकीलों को रिसीवर नियुक्त से बचने की जरूरत है। क्योंकि, वे सिविल वादों का निस्तारण करने में रुचि नहीं ले रहे। यह तल्ख टिप्पणी कर कोर्ट ने कहा, वेद शास्त्र का ज्ञान रखने वाले श्रद्धालु को मंदिरों का प्रशासन व प्रबंधन सौंपा जाना चाहिए।

## 74 बिछड़े दम्पत्तियों के टूटे परिवार हुए एक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** डीआईजी आर पी सिंह ने बताया कि शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में



जनपदों में स्थापित वैवाहिक विवादों में मध्यस्थता हेतु उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं के अनुश्रवण का कार्य महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा किया जा रहा है । इसी के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा माह अगस्त में आये हुए दम्पत्तियों की पारिवारिक संबंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने की प्रेरणा दी गयी, जिससे दोनों जोड़े राजी-खुशी के साथ में रहने हेतु तैयार हो गये । माह अगस्त में जनपद मीरजापुर में कुल- 14, जनपद सोनभद्र में कुल- 38 तथा जनपद भदोही में कुल- 22 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया । इस प्रकार परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा अथक प्रयास कर परिक्षेत्र स्तर पर कुल- 74 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया । पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर के निर्देशन में रेंज के तीनों जनपदों में परिवार परामर्श केन्द्र मे महिला पुलिस व समाज सेवीजनों द्वारा प्रतिदिन अनेको दम्पत्तियों की काउंसलिंग की जा रही है । उनके आपसी मतभेदों को दूर कर आपस मे मिलवाया जा रहा है, जिससे कि उनकी जिन्दगी में दोबारा संतुलन आ सके ।

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट, तलाशी में मिलीं आपत्तिजनक दवाएं, 23 पर मुकदमा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** पुलिस के मुताबिक, मॉल के दूसरे तल पर स्थित चार स्पा सेंटरों में छापा मारा गया तो वहां अनैतिक गतिविधियां संचालित होते मिलीं। कुछ महिलाएं व पुरुष आपत्तिजनक हाल में मिले। पुलिस



को देखते ही वहां मौजूद लोगों ने भागने की कोशिश की, जिन्हें पकड़ लिया गया। सिविल लाइंस में रोडवेज बस अड्डे के पास स्थित मॉल में चार स्पा सेंटरों की आड़ में सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा था। शुक्रवार को छापे के दौरान आपत्तिजनक सामग्री के साथ ही शक्तिवर्धक दवाएं भी बरामद हुई थीं। 13 महिलाओं समेत 20 लोग गिरफ्तार कर लिए गए हैं। आरोपी तीन संचालकों की तलाश देर रात तक जारी रही। पुलिस के मुताबिक, मॉल के दूसरे तल पर स्थित चार स्पा सेंटरों में छापा मारा गया तो वहां अनैतिक गतिविधियां संचालित होते मिलीं। कुछ महिलाएं व पुरुष आपत्तिजनक हाल में मिले। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोगों ने भागने की कोशिश की, जिन्हें पकड़ लिया गया। थाने लाकर पूछताछ किए जाने पर पता चला कि पकड़ी गईं महिलाओं में से एक संचालिका है। शेष 12 युवतियां स्पा सेंटरों में काम करतीं हैं।

## ब्लड डोनेट सिविल लगाने को सीएमओ ने किया निर्देशित


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बुधवार को डा0 अश्वनी कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा पी0पी0सी0 सेन्टर का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय डा0 संग्राम सिंह, आरोग्य आयुष्मान मन्दिर राबर्टसगंज गये हुए थे, महिला चिकित्सक डा0 संगीता त्रिपाठी, एम0टी0पी0 प्रशिक्षण पर गयी थी। वहां पर कार्यरत स्टाफ नर्स एवं ए0एन0एम0 द्वारा प्रसव का कार्य कराया जा रहा था। प्रसवोत्तर वार्ड में 3 महिला प्रसव हेतु भर्ती थीं, स्टाफ नर्स रेखा अवकाश पर थी। शेष सभी कर्मचारी अपने ड्यूटी पर उपस्थित पाये गये तत्पश्चात् ब्लड बैंक जे0आर0 डा0 सोनालिका शर्मा अनुपस्थित



राबर्ट्सगंज का का निरीक्षण किया गया, पूछताछ पटल पर कोई कार्मिक उपस्थित नहीं था। निरीक्षण के समय ब्लड बैंक इंचार्ज डा0 अशोक कुमार एवं थी। डा0 सोनालिका शर्मा के बारे में बताया गया कि वे बायोमेट्रिक उपस्थित दर्ज कराने हेतु मेडिकल कालेज गयी हुई है। एल0टी0 अखिलेश कुमार सिंह एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिक रेस्टिंग रूम में थे। ब्लड बैंक स्टोरेज कक्ष का निरीक्षण करने पर पाया गया कि कुल 9 यूनिट ब्लड उपलब्ध है, जिसमें से बी पाजिजिट के 3, ओ-पाजिटिव के 5 एवं ए0बी0 पाजिटिव के 1 ब्लड यूनिट उपलब्ध थे। दो यूनिट ब्लड डिस्कार्ड हो चुका था। रजिस्टर के अवलोकन पर यह प्रकाश में आया कि दिनांक 03 सितम्बर को 15 यूनिट ब्लड इसु किया गया था एवं 16 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया था। उक्त से प्रतीत हो रहा है कि ब्लड बैंक इंचार्ज तथा काउन्सलर द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कराने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है।













# कुएं में गिरने से तेईस वर्षीय युवक की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**कोन/ सोनभद्र ।**स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कचनरवा



के टोला गौरासिंहा में शुक्रवार की रात कुएं में गिरने से एक तेईस वर्षीय युवक की मौत हो गई।घटना की जानकारी होते ही आस पास सहित परिजनों में हड़कंप मच गया और लोग घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े वहीं घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जहाँ मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला साथ ही आवश्यक कारवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया गया ।थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि मृतक के पिता गौरासिंहा निवासी राम किशुन यादव ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका तेईस वर्षीय लड़का राकेश यादव मोबाइल से बात करते हुए रास्ते में जा रहा था उसी बीच उसने ध्यान नहीं दिया की बगल में कुआँ है और बात करते करते उसकी संतुलन बिगड़ गई और वह कुएं में जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पंचायत नामा की कारवाई उप निरीक्षक मिथिलेश तिवारी के द्वारा की गयी और शव का पोस्टमार्टम् कराने के पश्चात शव लेकर घर पहुंचे वैसे ही घरवालों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। खबर लिखे जाने तक अंतिम संस्कार करने की प्रक्रिया चल रही थी।

# ओबरा पोस्ट ऑफिस आधार केंद्र पर सरकारी नियम से ज्यादा लिया जा रहा शुल्क पंजीकरण संसोधन 100 फिक्स

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**ओबरा/सोनभद्र।**इण्डिया पोस्ट ऑफिस द्वारा आधार बनवाने व कर्मचारी/ऑपरेटर के द्वारा प्रति आधार चार्ज के रूप मे 100 रुपया लिया जा रहा हैं जबकि सरकार के बायोमैट्रिक अपडेट का 100 रुपया नियम है।आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की जनता अपना आधार बनावाने के लिए



संसोधन के लिए ओबरा पोस्ट ऑफिस कार्यालय में आधार सेन्टर खुलवाया गया है।परन्तु इस आधार केंद्र पर भारत सरकार आधार डिपार्टमेंट के गाइडलाइन की धज्जियां पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी/ऑपरेटर द्वारा खुलेआम उड़ाया जा रहा हैं और नया आधार निःशुल्क की जगह 100 रुपया मनमानी अवैध वसूली के साथ आधार बनाना शुरू कर दिया गया व कोई भी जानकारी अपडेट में भी 100 रुपया लिया जा रहा हैं जो पूर्ण रूप से नियमों के विपरीत हैं।वहीं आधार बनवाने व संसोधन के लिए आये ग्रामीणों द्वारा कहा गया की आधार सेंटर के ऑपरेटर सरकार के द्वारा तय शुल्क से अधिक वसूली कर बच्चों संग अभिभावकों का भी शोषण कर रहे हैं। उनलोंगों का कहना है कि आधार अपडेट कराने अथवा न्यु आधार बनवाने पर द्वारा आधार अपडेट करने व नया एनरोलमेंट करने का शुल्क तय किया गया है जो की रेट लिस्ट कही भी पोस्ट ऑफिस कार्यालय पर कही प्रदर्शित नहीं हैं।आधार पंजीकरण व संसोधन स्लिप का निचे का हिस्सा भी फाड़ कर रख लिया जा रहा है जिसमे की स्पष्ट होता है ग्राहक को कितना पैसा देना है इनके द्वारा कोई भी रजिस्टर नहीं मैंटेन किया जा रहा है।इस सम्बन्ध में जनता की सूचना पर पहुचे भाजपा नेता मनीष विश्वकर्मा द्वारा सोनभद्र पुलिस व पोस्ट ऑफिस विभाग को सूचना दिया गया और यह मांग किया गया की आधार केंद्र पर शासन के मंशा के विपरीत धन लिया जा रहा है जो पूर्ण रूप से गलत है आधार पंजीयन करने पर 100 रुपया अन्य कोई भी जानकारी अपडेट करने पर 100 रुपया लिया जा रहा है जबकी दूर दराज से आकर अपना दैनिक मजदूरी नुकसान करके अपने बच्चों का आधार अपडेट व संसोधन करवाने आ रहे है लेकिन सरकार के कर्मचारी ही अगर इस तरह करेंगे तो समाज में क्या सन्देश जायेगा।शासन प्रशासन को जनता के इस आधार के विकट समस्या को संज्ञान में लेकर ग्राम पंचायत स्तर व गांव गांव सरकार की योजना पहुंचाने वाले जन सेवा केंद्र पर आधार सुविधा को संचालित करने से जनता को सहूलियत होगा और गरीब आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की तमाम योजनायें जैसे किसान सम्मान निधि,छात्रवृति,आयुष्मान कार्ड,राशन कार्ड,फैमिली आईडी कार्ड,पीएम आवास,आधार पैन लिंक,पीएम स्वनिधि योजना,विद्यालय में प्रवेश व अन्य सैंकडों योजनाओं में लाभ लेने में आसानी होंगी।

# आउटसोर्सिंग भर्ती के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का विरोध प्रदर्शन


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**आउटसोर्सिंग भर्ती के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कलेक्ट्रेट गेट के समीप वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर ही प्रदर्शन किया मुख्यमंत्री नामित ज्ञापन एडीएम न्यायिक सुभाष यादव को सौंपा । वही जिलाध्यक्ष प्रतिमा सिंह ने बताया कि आंगनवाडी में जो आउटसोर्सिंग भती निकाली हैं, एजुकेटर बनाएं जाने के लिए जिसको 30 सितंबर तक पूर्ण करने का आदेश निदेशित हैं, आंगनबाडी कार्यकर्ता के शोषण व अल्प मानदेय जाएगा, फिर आंगनबाडी क्या करेगी। आंगनबाडी के विषय में सरकार को अच्छी मनसा रखनी चाहिए, क्योंकि आंगनवाडी एक सच्चे सिपाही की तरह सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती है, सजग प्रहरी की तरह काम करती है। अगर एजुकेटर के पद पर भर्ती करनी है, तो आंगनबाडी को ही इसमें वरीयता प्रदान की जाए। शासनादेश में बदलाव किया जाए, आंगनबाडि़यों को 20-20, 25-25 साल का अनुभव है। 3 से 6 साल के बच्चें को आंगनबॉडी



की वजह से उत्तर प्रदेश के विशालकाय राज्य की रीढ आंगनबाडी कार्मिक देश की मुख्य धारा से नहीं जुड सकी है नाही इनको आज दिवस तक राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया गया है, बल्कि इसके विपरित आंगनबाडी के पीठ में छुरा भोंकने का कार्य आऊट सोर्सिंग भर्ती के जरिये किया रहा है। जिससे प्रदेश की पौने चार लाख आंगनबाडी कार्मिको में अत्यंत रोष की भावना व्याप्त है। संगठन आंगनवाडी में इस नवीन भर्ती की घोर निंदा करता है। भर्ती के बाद में 3-6 वर्ष के बच्चों के मामले में आंगनबाडी का काम खत्म हो कार्मिक से अच्छा कोई नहीं संभाल सकता। फिर भी यदि सरकार उचित समझे तो उन्हे अलग से प्रशिक्षण दिया जा सकता है। 15 दिन के अंदर अंदर अगर इस प्रक्रिया में बदलाव नहीं किया गया तो आंगनवाडी कार्मिक विवश होकर सडकों पर उतरेगी और लखनऊ में उग्र आन्दोलन कर विधानसभा का घेराव करेंगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वही श्री सिंह ने बताया कि अनुरोध है कि आउटसोर्सिंग भर्ती के आदेश में बदलाव कराया जाय और आंगनबाडी कामिर्माको को ही एजुकेटर पद के लिए चयन किया जाए।

# रोजगार मेलें में कुल 95 अभ्यर्थियों का चयन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन कार्यालय, पर शुक्रवार को जिला



सेवायोजन कार्यालय, परिसर, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी रोजगार मेलें में कुल 95 अभ्यर्थियों का चयन शुक्रवार को जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन (सोनभद्र डिपो) में चालक की संविदा भर्ती एवं निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियां जिसमें हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज, फ्लीपकार्ट, एम0आर0एफ0टायर्स लि0, लैट्रीक स्टाफिंग एवं एल0आई0सी0 (अभिकर्ता हेतु) ने प्रतिभाग किया। इस मेलें में विभिन्न पदों पर कम्पनियों द्वारा कुल 95 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर सेवायोजन अधिकारी प्रमोद तिवारी, रोजगार मेला प्रभारी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जमील अहमद, पवन कुमार सोनकर, प्रदीप कुमार सिंह, यंग प्रोफेशनल सुरेन्द्र कुमार प्रजापति, मनोज कुमार एवं अंशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डबल इंजन की सरकार जाति समीकरण कुर्सी बचाओ अभियान चला रही है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सोनभद्र में आगमन से पूर्व आम आदमी पार्टी काशी प्रांत अध्यक्ष एड0 पवन तिवारी का एक दिवसीय कार्यक्रम जनपद में था, सोनभद्र के कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद एक प्रेस वार्ता किए। में दर्जनों आदिवासियों का कत्ल हुआ। फिर भी भाजपा में आदिवासियों के प्रति कोई संवेदना नही दिख रही है।फरवरी 2024 में रॉबर्ट्सगंज सदर तहसील के मऊ कलां में रहने वाले मूल निवासी आदिवासियों की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने का मामला आया था,इसी अगस्त




प्रेस वार्ता में प्रांत अध्यक्ष एड0 पवन तिवारी ने कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार आज कल सिर्फ जातीय समीकरण बनाने और कुर्सी बचाओ अभियान चला रही है। स्थानीय मुद्दों और स्थानीय लोगो की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। भाजपा को सोनभद्र के दलित आदिवासी लोगो के मूलभूत जरूरतों में शिक्षा, स्वास्थ,सड़क,बिजली पानी,रोजगार से कोई मतलब नहीं है। आदिवासियों के मूल अधिकार जल, जंगल, जमीन पर पर कोई ध्यान नहीं है। अभी योगी 1 सितंबर को संत किननराम जी की प्रतिमा का अनावरण करने आ रहे है,अखबारों में प्रकाशित हुआ था,संत किना राम महा विद्यालय आदिवासियों के खतौनी की जमीन पर है इसके साथ लोढ़ी में जो नया प्रसव अस्पताल बना है वह भी आदिवासियों के खतौनी जमीन पर है। 2019 में इसी डबल इंजन की सरकार में भूमाफियाओं द्वारा घोरावल क्षेत्र मूतिर्या ग्राम पंचायत,उम्भा गांव महीने में रायपुर थाना अंतर्गत गोटी बांध के पास दलित आदिवासियों के जमीन पर भू माफियाओं ने कब्जा कर लिया है, जिसके कारण दलित आदिवासी आज भी कचहरी का चक्कर काट रहे हैं। सोनभद्र में आदिवासियों के जल जंगल जमीन के साथ, उनकी बहन बेटियां भी सरक्षित नही हैं। ओबरा विधान सभा में पिछले साल जुगैल थाना अंतर्गत घटिता गांव में आदिवासी के कान में पेशाब का मामला भी सामने आया था। योगी शासन में बहन बेटी, दलित,आदिवासी,पिछड़े,अल्पसंख्यक कोई सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार खुद जाति,धर्म,आरक्षण,के आधार पर समाज में बाटने का काम कर रही है। इसके बावजूद योगी कहते है, बटोगे तो कटोगे। इनके दोहरे चरित्र को जनता समझ चुकी है। आज के प्रेसवार्ता में शामिल रमेश गौतम सोनभद्र जिलाध्यक्ष, रमाशंकर पटेल वाराणसी जिलाध्यक्ष, डॉ राम आसरे वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आदि शामिल रहे।

# अध्यक्ष ने अंबेडकर नगर वार्ड कीया निरीक्षण जाना हाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** राबर्टसगंज नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा कोई दिक्कतों का सामना न करना पड़े वहीं अध्यक्ष ने बताया कि जनमानस की समस्या को लेकर



शुक्रवार को अंबेडकर नगर वार्ड 15 का औचक निरीक्षण करते हुए पानी निकासी व नाली समस्या को लेकर वार्ड वासियों से मुलाकात कर समस्या का निजात दिलाए जाने का दिलाया भरोसा। वही नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि अंबेडकर नगर वार्ड 15 के कुछ हिस्सों में पानी का भराव ज्यादा हो गया था जिसकी सूचना हमको प्रवासियों द्वारा प्राप्त हुई जिस पर मौके पर पहुंचकर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से पानी निकासी का कार्य कराया जा रहा है वही सभासद को निर्देशित किया गया है कि प्रस्ताव बनाकर वोट के बैठक में सम्मिलित करें और नाली निर्माण संबंधित समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए जिससे कि नगर वासियों को गंभीरता दिखाते हुए सभी वार्ड के सभासदों को भी निर्देशित किया गया है कि सड़क व नाली की समस्या के साथ-साथ जल भराव के समस्याओं पर भी विशेष ध्यान दें जल जमाव के निकासी को लेकर तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक व्यवस्था कराकर कार्य करें और संबंधित जगह व स्थान चिन्हित करें जिससे की बरसात के खत्म होने के बाद संबंधित चिन्हित स्थान पर विकास कार्य किया जा सके ताकि भविष्य में किसी प्रकार से जल भराव के कारण किसी परिवार का घर या बस्ती न दुबे इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष संजय जयसवाल ,आशीष केसरी, अजीत सिंह,सुजीत कुमार, गुडिया त्रिपाठी, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# तैंतीस वर्षों बाद मिला प्रभु श्री राम को न्याय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय स्थित रॉबर्ट्सगंज नगर के सबसे प्राचीनतम मन्दिर श्री राम जानकी मंदिर पन्नूगंज



रोड विजयगढ़ टाकीज के सामने की सम्पत्ति के बाबत सन 1991 में कुछ लोभी प्रवित्ति के तथाकथित लोगो द्वारा मंदिर की संम्पति को हड़पने व मंदिर की व्यवस्था को लचर बनाने व उसपर अधिपत्य जमाने के नियत से सन 1991 में सिविल न्यायालय सोनभद्र में तत्कालिन महंत बाबा ओमकार दास व अन्य लोगो के विरुद्ध मुकदमा संस्थित किया गया था जिसमे बाबा ओमकार द्वारा नामित शिष्य श्री पुरुषोत्तम पाठक व उनके परिवारी जन को भी झुठठे व बेबुनियाद तथ्यों के आधार पर प्रतिवादी बनाया गया था उक्त वाद में माननीय न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट नम्बर 2 सोनभद्र की पीठासीन अधिकारी (जज) श्री मति पारुल कुमारी उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा द्वारा स्व-उद्घोषित तथाकथित भक्त गणों व उपासको के आरोपो को मिथ्या व मनगढ़ंत पाते हुए वाद खारिज किया जा कर उपरोक्त मन्दिर की पूजा पाठ,देखरेख व सुरक्षा व्यवस्था करने वाली संस्था श्री राम जानकी मंदिर न्यास के कार्य व व्यवस्थाओ को सुदृढ घोषित किया गया है/ रामजानकी मन्दिर न्यास व अन्य प्रतिवादी गण की तरफ से बतौर अधिवक्ता कार्य कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता श्री देव प्रताप सिंह एडवोकेट द्वारा बताया गया कि तथाकथित भक्तगणो की वास्तविक भक्ति की पोल माननीय न्यायालय द्वारा खोलते हुए उनकी द्वारा किये गए अभिकथन को पूर्ण रूपेण बेबुनियाद व आधारहीन घोषित करते कहा गया कि मंदिर परिषर में पूजा पाठ करने या किसी धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होने में किसी भी सनातनी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान नही होता है साथ ही ट्रस्ट की व्यवस्था व रखरखाव के बाबत तथाकथित भक्त गणो को जानकारी लेना उन भक्त गणो को संदिग्ध बनाता है साथ ही किसी भी तथाकथित भक्त गण द्वारा कोई दास्तवेजी साक्ष्य पत्रावली में नही दाखिल किया गया सिर्फ मौखिक मिथ्या कथन को आधार बना कर किसी वास्तविक स्वामी के विरुद्ध कोई निर्णय पारित करना न्यायोचित नही होगा/ आगे एडवोकेट श्री देव प्रताप सिंह ने बताया कि माननीय न्यायालय द्वारा यह भी स्पष्ठ किया गया कि पुरुषोत्तम पाठक जिसे बाबा ओमकार दास द्वारा नियमानुसार अपना शिष्य घोषित किया गया था तथा अपनी समस्त सप्पति का वारिस घोषित किया गया था के द्वारा भगवान राम जानकी मंदिर की समस्त संम्पति की व्यवस्था व देखरेख हेतु एक ट्र्स्ट स्थापित किया गया जिसमें नगर के संभ्रांत व्यक्ति सामिल हुए जिनके कुशल निर्देश व इंतज़ाम व्यवस्था इत्यादि श्री राम जानकी मंदिर न्यास के बैनर तले वर्षो से संचालित होता रहा है उक्त मुकदमे में तथाकथित भक्तगणों द्वारा यह सिध्द नही किया जा सका कि किस प्रकार से उनके पूजा पाठ या धार्मिक क्रिया कलाप में कोई व्यवधान ट्रस्ट द्वारा उत्पन्न किया जा रहा है इसलिए श्री रामजानकी मन्दिर न्यास व अन्य प्रतिवादियों के विरुद्ध कोई अनुतोष पाने के हकदार तथाकथित भक्तगण नही हैं इसलिए द्वारा 33 वर्षो से चलाया जा रहा बेबुनियाद मुकदमा खारिज किया जाता है उपरोक्त निर्णय आने के उपरांत श्री राम जानकी मंदिर न्यास के पदाधिकारी मन्दिर परिषर में उपस्थित हो कर एक दूसरे को बधाई देते हुए न्यास के अध्यक्ष श्री डॉ श्री मार्कण्डेय राम पाठक द्वारा प्रभु श्री राम का पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पित करते हुए उपस्थित सभी लोगो व आम जनों में वितरित किया गया साथ ही संबोधित करते हुए कहा गया कि ठयत्र योगेश्वरो कृष्ण यत्र पार्थो धनुर्धर। तत्र श्रीविजयोर्भूति ध्रुवानीतिर्मतिः मम। उक्त अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर न्यास के संरक्षक श्री मार्तण्ड प्रसाद मिश्र, व न्यास के प्रबंधक/ कोषाध्यक्ष आशुतोष पाठक, वरिष्ठ अधिवक्ता हेमनाथ द्विवेदी, उमापति पांडेय, देव प्रताप सिंह, विजय चतुर्वेदी, राकेश सरन मिश्र, डॉ अमरनाथ देव पांडेय, जेबी सिंह, योगेश द्विवेदी, दिलीप कुमार, धीरज पांडेय , कमलेश मौर्य, अनिल पांडेय, कौशलेश पाठक, प्रभात सिंह, प्रदीप सिंह पटेल, दिनेश धर दुबे, शैलेन्द्र चौबे, सुधेन्दु भूषण शुक्ल, सरद गुप्ता, रामानंद पांडेय, विनोद श्रीवास्तव, राम अवध उपाध्यक्ष, कैलाश नाथ पाठक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पीडित शोषितों का तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन रहा जारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** शासन प्रशासन एवं अन्य अधिकारीयों द्वारा विधि का पालन न करने और ठगी पीड़ितों का भुगतान न करने के विरुद्ध एक सितम्बर 2024 से ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार तपजप संगठन ने सरकार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन की घोषणा की और अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए धरने पर बैठे है अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा. भुगतान करो या सत्ता छोडो के गगनभेदी नारों के साथ ठगी पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला और अपने डूबे हुए धन को वापस करने की मांग की. उल्लेखनीय है कि संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजनायें पाबंदी क़ानून 2019 (बैनिंग ऑफ अनरेग्युलेट डिपॉजिट स्कीम्स एक्ट 2019) बनाकर ठग कम्पनीज एवं ठग सोसाइटीज में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदक को 180 दिन में जमाराशि के दो से तीन गुणा वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था. अनियमित जमा योजनाएं पाबन्दी अधिनियम 2019 के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में में पीडित आवेदकों से आवेदन लेने और उनका भुगतान करने हेतु भुगतान पटल की स्थापना कागजों में कानून में हुई थी, अनियमित जमा और नियमित जमा योजनाओं में जनता के जमाधन की वापसी हेतु संसद और सरकार ने देशभर में विशेष न्यायालय सक्षम अधिकारी सहायक सक्षम अधिकारी और अन्य नोडल एजेंसीज का चयन एवं नियुक्ति की थी और कानून बनाकर जनता को यह विश्वास दिलाया था कि सरकार उनका डूबा हुआ ठगा गया धन वापस करेंगी और दोषी संचालको को दण्डित करेंगी,



समयबद्ध कानून के लागू होने के 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी बहुत से राज्यों एवं जिलों में संघ या राज्यों ने 2019 के अंतर्गत पीड़ितों से न आवेदन आमंत्रित किए न आवेदन लेने के बाद उनका धन विधिसम्मत रूप से वापस किया जो करोड़ों नागरिकों के साथ अन्याय है और इसका प्रतिकार करना हमारा धर्म है अधिकार है. यह स्थाई अधिनियम है और इसके अंतर्गत नियुक्त सक्षम या सहायक सक्षम अधिकारी को स्थाई रूप से सुनवाई करनी है जो पांच वर्ष में अभी तक आरम्भ ही नहीं हुई है, लाखों आवेदनों पर आजतक नोटिस तक जारी नहीं किये गए हैं, अनेक राज्यों जिलों एवं तहसीलों में अभी तक भुगतान पटलों की स्थापना तक नहीं हुई है और बेईमान सिस्टम एक व्यापक अधिनियम की अवहेलना करते हुए गैरकानूनी रूप से सहारा सीआरसी सेबी पर्ल्स जैसे पोर्टल खोलने का झाँसा देकर 2019 को ख़त्म करने की साजिश रच रहा है. भुगतान न होने के कारण निवेशक और कथित एजेंट साथियों में आपसी तनाव बना हुआ है, गुस्साये निवेशक निदोष एजेंट्स की गोली मारकर हत्या तक कर रहे हैं जिससे करोड़ों एजेंट्स और निवेशकों के मध्य ग्रहयुद्ध जैसा छिड़ गया है जो निश्चित रूप से शासन प्रशासन की लापरवाही और विधि एवं संसद का अपमान है. यदि शासन प्रशासन ने कानून पर विधि पूर्वक कार्य आरंभ किया होता तो अबतक सभी पीडितों का भुगतान हो गया होता और लाखों निवेशक प्रताड़ित एजेंट्स मौत के मुंह में जाने और पलायन एवं उत्पीड़न से बचाये जा सकते थे. आम चुनाव 2024 के दौरान स्वयम् प्रधानमंत्री जी ने अनेक जनसभाओं में ठगी पीडितों का धन वापस करने का वचन देश को दिया था जिसे अब भुला दिया गया है। हमारे जिला तहसील नगर गाँवों में लाखों ठगी पीड़ित हैं जिनकी परिश्रम से प्राप्त पूँजी सरकारी एजेंसीज और ठगों के पास फंसी है ज़ो बार बार आवेदन करने के पश्चात भी जिला प्रशासन व सक्षम अधिकारी वापस नहीं कर रहे जिस वजह से लाखों परिवारों के समक्ष भूखों मरने की भी स्थिति बन गई है।

08.09.2024 to 14.09.2024.pmd 3 9/6/2024, 3:05 PM

# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks


## FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



### Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)

- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .



### Ms. Riya Arora (Counsellor)

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


## दादी सती बनारसी दादी का उत्सव बड़े धूमधाम मनाया गया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित चांदी होटल के समीप सोमवार देर शाम भादव अमावस्या को दादी सती बनारसी दादी का उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया, इसमें नगर के सभी संभ्रांत लोगों ने मां के पूजन आरती कर दर्शन किया। वही शंकर प्रसाद केजरीवाल ने बताया कि माता मंदिर का सिंगार करते हुए 56 भोग प्रसाद चढ़ाया गया वहीं श्रद्धालुओं द्वारा गीत गारी वी भजन कीर्तन करते हुए मां का आराधना की गई। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर माता रानी का गीत गाते हुए नित्य कर एक दूसरे का उत्साह वर्धन किया । वही रवि केजरीवाल ने दादी का श्रृंगार कराया, पूर्व संध्या चौदस को रात्रि भर नीरज केजरीवाल ने सुन्दर सुन्दर भजन प्रस्तुत किया। सभी माताएं बहनें पर झूमे। इस मौके पर देवांशु केजरीवाल, नीरज केजरीवाल, इन्द्र कुमार केजरीवाल, मनोज केजरीवाल, चंद्र प्रकाश केजरीवाल, पवन कुमार केजरीवाल,कुहू अग्रवाल,हर्षित केजरीवाल, श्याम लाल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।



## बीएसए ने विद्यालय के 161 प्रबन्धकों/ प्रधानाचार्यो को दी जानकारी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा मंगलवार को जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य की बैठक डायट परिसर, सोनभद्र में आहूत की गयी। मुकुल आनन्द पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए जनपद के मान्यता प्राप्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के 161 प्रबन्धकों/ प्रधानाचार्यो द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रबन्धकों / प्रधानाचार्यो को मान्यता के अनुरुप ही विद्यालय के संचालन, विद्यालय में अगिनशमन यन्त्रों की उपलब्धता, खेल सामग्री, पुस्तकालय व विज्ञान सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता साफ-सुथरे विद्यालय परिसर व खेल के मैदान की समुचित व्यवस्था, विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करने हेतु तथा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों के शत-प्रतिशत निःशुल्क नामांकन हेतु निर्देशित किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया जिन विद्यालयों में बच्चों को ले आने व ले-जाने हेतु वाहन संचालित हो रहे है, उनका फिटनेश ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय से अवश्य करा लिया जाय। किसी भी दशा में अवैध/अनफिट वाहनों से बच्चों की ट्रांसपोटिंग कदापि न की जाय। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने सम्बन्धित विद्यालय के मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित विद्यालय के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य का होगा।



## मरकुण्डी समिति के सचिव की धूमधाम से हुई विदाई

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज क्रय विक्रय पर समिति के सभी कर्मचारी की मंगलवार को उत्तर प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ के बैनर तले एक बैठक की गयी, बैठक मे उर्वरक वितरण, क्रय केंद्र प्रभारी के प्रस्ताव के उपरांत ही क्रय एजेंसी तय किया जाय, सालाना वेतन बृद्धि, मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत क्रय एजेंसी से कमिशन एवं सुख सुविधा अभी तक कई वर्षो से नहीं मिला है इत्यादि और भी कई मुद्दों पर चर्चा की गयी, साथ ही साहकारिता विभाग मे सचिव के रूप मे कार्य कर रहे मरकुण्डी समिति के सचिव भूनने राम के बिदाई समारोह के कार्यक्रम के साथ बैठक की समापन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सौरभ के द्वारा किया गया मुख्य अतिथि भुंनीराम रहे, बैठक मे तहसील और ब्लाक प्रभारी के साथ सभी समिति कर्मचारी रहे, संगठन के विस्तार मे जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह महामंत्री संतोष पटेल रॉबट्र्सगंज तहसील प्रदीप घोरावल तहसील सर्वेश शुक्ल दूद्धि दीपनारायण ओबरा उमाशंकर को जिम्मेदारी दी गयी।

## सदर विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया उद्घाटन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** सदर ब्लाक क्षेत्र ग्राम पंचायत बेठिगाव निष्फ के आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन सदर विधायक भूपेश चौबे ने किया सदर विधायक भूपेश चौबे



वह ग्राम प्रधान नीलम त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र भवन नहीं रहने के कारण यहां के नौनिहाल बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यहां के नौनिहालों के परेशानियों को देखते हुए विभाग के द्वारा मनरेगा योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कराया गया। अब नौनिहाल बच्चे छत के नीचे अपना पठन-पाठन करेंगे। केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा अब नौनिहालों जो आंगनबाड़ी केंद्र में पठन- पाठन करते हैं, उसके लिए भी अब भवन का निर्माण करा रहे हैं। ताकि नौनिहालों को भी छत के नीचे रहकर अपना पठन पाठन का कार्य कर सके। मनरेगा योजना के अन्तर्गत भवन का निर्माण आठ लाख 68 हजार 653 रुपए के प्राक्कालित राशि से निर्माण कराया गया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान नीलम त्रिपाठी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी सीताराम मौर्य योगेश मौर्यबबलू केसरी शिव शंकर चतुर्वेदी कैलाश बिहार राम जियावान कनौजिया राजकुमार गुप्ता भुवनेश्वर कनौजिया बलिराम कुशवाहा अमरनाथ भारती लकवा भारती सज्जन पासवान आंगनबाड़ी कर्मचारी मुननी देवी कुसुम मौर्य पुष्प लता विश्वकर्मी सीडीपीओ रार्वटसगज अनिल सिंह रावटसगंज विनय मिश्रा पंचायत मित्र उपेंद्र मौर्य पंचायत सहायक शिल्पा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/ 25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।